**Need to sanction and construct Dharashiv-Beed-Chhatrapati Sambhajinagar Railway Line in Maharashtra- Laid**

श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर **(**उस्मानाबाद**) :** धाराशिव-बीड-छत्रपती संभाजीनगर 240 किमी रेल मार्ग का सर्वेक्षण वर्ष 2018-19 में पूरा हुआ था, और उसकी रिपोर्ट 28 जुलाई 2022 को रेल बोर्ड को सौंपी गई थी, इस परियोजना के लिए अनुमानित लागत ₹4,857 करोड़ है,! लेकिन सबंधित विभाग द्वारा इस परियोजना पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है । मराठवाड़ा के विकास के लिए यह 240 किमी लंबा रेल मार्ग अत्यंत आवश्यक है । इसके निर्माण से दक्षिण और उत्तर भारत के बीच संपर्क सुगम होगा, जिससे व्यापार, उद्योग, शिक्षा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा इसके साथ ही रेलवे को भी अच्छा राजस्व प्राप्त होगा । इस रेल मार्ग के बनने से छत्रपति संभाजीनगर में स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, साई प्राधिकरण, बॉम्बे हाईकोर्ट खंडपीठ, अजंता-एलोरा की गुफाएं, शनि मंदिर (राक्षसभुवन, गेवराई), संत एकनाथ महाराज समाधि (पैठण), देवगिरी किला में आने वाले लोगों, व्यवसायियों को लाभ मिलेगा एवं पर्यटकों के आने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और जालना के लौह उद्योग को भी इसका लाभ मिलेगा । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मराठवाड़ा के विकास के लिए इस 240 किमी लम्बे रेल मार्ग को शीघ्र स्वीकृति देकर इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए ।